KERRY




# OurShare

Kerry के एक अंश के मालिक बनें

आवरशेयर प्रश्नोत्तरी की जानकारी उन सभी देशों पर लागू होती है जहां आवरशेयर उपलब्ध है। देश-विशिष्ट नियमों और विचारों के विवरण के लिए, आप अवरशेयर हब पर अपने देश के संसाधनों तक पहुंच सकते हैं।

पड़ताल करें →

# **OurShare** - Kerry के एक अंश के मालिक बनें

OurShare हमारी वैश्विक सर्व-कर्मचारी शेयर योजना है।

यह आपके लिए हमारे साथ बढ़ने और हमारी सफलता में हिस्सेदारी का शानदार तरीक़ा है। Kerry शेयरधारक बनते हुए, आपके पास किसी बड़ी चीज का हिस्सा बनने का अवसर है — आप Kerry के एक अंश के मालिक होंगे।

लेकिन शामिल होने का निर्णय करने से पहले, आपके कुछ प्रश्न हो सकते हैं। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि यह आपके लिए सही है – विशेषकर यदि आपके लिए शेयर योजनाओं का मामला नया है। आपकी सहायता के लिए, हमने ये प्रश्न और उत्तर तैयार किए हैं। यह गाइड आपको OurShare से जुड़ने या न जुड़ने के बारे में सूचित निर्णय लेने में सक्षम करेगी।

हमने वे सभी प्रश्न शामिल किए हैं जो हमें लगता है कि आप पूछ सकते हैं, लेकिन यदि आपके किसी प्रश्न का हमने उत्तर नहीं दिया हो, तो अपने स्थानीय OurShare चैम्पियन, या OurShare टीम से संपर्क करें। हम आपके प्रश्न को इस प्रश्न व उत्तर पुस्तिका के भावी संस्करणों में जोड़ देंगे।

हम आशा करते हैं कि आप Kerry के अंश के स्वामित्व के लिए जुड़ेंगे, और Kerry का शेयरधारक बनने की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करेंगे।

### अग्रिम तौर पर धन्यवाद

### OurShare टीम

ईमेल: ourshare@kerry.com



# विषय-वस्तु


| 1. पेश कर रहे हैं OurShare | 6 |
|---|---|

1.1 OurShare क्या है?

1.2 सर्व-कर्मचारी शेयर योजना क्या है?

1.3 Kerry, OurShare की पेशकश क्यों करती है?

1.4 OurShare के क्या लाभ हैं?

1.5 OurShare को प्रबंधित करने में कौन मदद कर रहा है?

| 2. Kerry के एक अंश का मालिक होने का क्या मतलब है? | 7 |
|---|---|

2.1 मैं Kerry के एक अंश का मालिक कैसे बन सकता/सकती हूं?

2.2 शेयर कैसे काम करते हैं?

2.3 क्या शेयरधारकों को Kerry का कोई लाभ मिलता है?

2.4 क्या शेयरधारक कंपनी से संबंधित प्रमुख निर्णयों पर मतदान कर सकते हैं?

| 3. OurShare किसके लिए है | 8 - 9 |
|---|---|

3.1 OurShare में कौन शामिल हो सकता है?

3.2 OurShare सभी देशों के लिए खुला क्यों नहीं है?

3.3 OurShare में कौन शामिल नहीं हो सकता?

3.4 क्या मुझे OurShare से जुड़ना होगा?

3.5 क्या OurShare में शामिल होने के लिए न्यूनतम सेवा अवधि आवश्यक है?

3.6 यदि मैं पहले ही किसी अन्य Kerry शेयर योजना का हिस्सा हूं तो क्या मैं इसमें शामिल हो सकता/सकती हूं?

3.7 यदि मैं Kerry की प्रतिबंधित सूची का भेदिया (इनसाइडर) हूं तो क्या मैं इसमें शामिल हो सकता/सकती हूं?

3.8 क्या OurShare शरिया कानून का अनुपालन करता है?

| 4. OurShare कैसे काम करता है | 10 |
|---|---|

4.0.1 OurShare कैसे काम करता है?

| 4.1 खरीदे गए शेयर | 11 - 12 |
|---|---|

4.1.1 मैं शेयर कैसे खरीदूं?

4.1.2 हम कितनी बार शेयर खरीदते हैं?

4.1.3 मैं कितने शेयर खरीद सकता/सकती हूं?

4.1.4 यदि मैं पूरा शेयर नहीं खरीद सकता/सकती हूं, तो क्या होगा?

4.1.5 मैं अपने शेयरों के साथ क्या कर सकता/सकती हूं?

4.1.6 Kerry के शेयर की कीमत क्या है?

4.1.7 यदि मुझे भुगतान यूरो में नहीं मिलता तो क्या होगा?

4.1.8 अंशदान कितने समय तक चलता है?

4.1.9 क्या हर महीने शेयर खरीदने के लिए कोई लागत है?

# विषय-वस्तु

| | |
|---|---|
| 4.2 मैचिंग शेयर | 13 - 14 |

4.2.1 मैचिंग शेयर क्या हैं?
4.2.2 मुझे कितने मैचिंग शेयर प्राप्त हो सकते हैं?
4.2.3 मैं मैचिंग शेयर्स कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूं?
4.2.4 मुझे अपने मैचिंग शेयर कब प्राप्त होंगे?
4.2.5 मैं अपने मैचिंग शेयरों के साथ क्या कर सकता/सकती हूं?
4.2.6 यदि मैं अपने खरीदे गए शेयर दो साल के भीतर बेच दूं तो क्या होगा?
4.2.7 क्या मुझे इन शेयरों पर कर चुकाना होगा?

| | |
|---|---|
| 4.3 लाभांश शेयर | 15 |

4.3.1 लाभांश क्या है?
4.3.2 यदि मैं OurShare से जुड़ूं तो क्या मुझे लाभांश मिलेगा?
4.3.3 मुझे लाभांश कैसे मिलेगा?
4.3.4 मैं लाभांश में कितना कमाऊंगा?
4.3.5 क्या मुझे अपने लाभांश शेयरों पर मैचिंग शेयर मिलेंगे?
4.3.6 क्या मुझे मेरे मैचिंग शेयरों पर लाभांश शेयर मिलेंगे?
4.3.7 क्या लाभांश शेयरों पर कोई प्रतिबंध है?

| | |
|---|---|
| 5. OurShare में अंशदान | 16 |

5.1 मैं कितना अंशदान दे सकता/सकती हूं?
5.2 क्या मैं अपना अंशदान एकमुश्त भुगतान कर सकता/सकती हूं?
5.3 क्या मैं अपने अंशदान की राशि बदल सकता/सकती हूं?
5.4 यदि मेरे पास एक महीने के अंशदान के लिए पर्याप्त वेतन नहीं है तो क्या होगा?
5.5 यदि मैं अंशकालिक सहकर्मी हूं तो क्या होगा?
5.6 यदि मुझे मासिक भुगतान नहीं मिलता तो क्या होगा?
5.7 यदि मैं अस्थायी सवैतनिक अवकाश पर हूं तो क्या होगा?
5.8 यदि मैं अस्थायी अवैतनिक अवकाश पर हूं तो क्या होगा?

| | |
|---|---|
| 6. OurShare से जुड़ना | 17 - 18 |

6.1 मैं OurShare से कैसे जुड़ सकता/सकती हूं?
6.2 OurShare से जुड़ने के लिए क्या मुझे इंटरनेट तक पहुंच चाहिए?
6.3 यदि मेरे पास पहले से ही EquatePlus खाता है, तो क्या मुझे OurShare के लिए एक नए खाते की आवश्यकता है?
6.4 क्या मुझे OurShare से जुड़ना होगा?
6.5 क्या मैं नामांकन अवधि समाप्त होने के बाद OurShare में शामिल हो सकता/सकती हूं?
6.6 क्या मुझे हर साल पुनः नामांकन कराने की आवश्यकता होगी?
6.7 अगर मैं पिछले वर्षों में शामिल हुआ तो क्या होगा?
6.8 मैंने पिछले वर्ष OurShare में नामांकन किया था लेकिन फिर छोड़ दिया। क्या मैं फिर से शामिल हो सकता हूं?
6.9 अगर मैं इस वर्ष के OurShare के लिए बदलाव करना चाहता हूं तो क्या होगा?
6.10 मैं पिछले OurShare चक्रों से अपने शेयरों के साथ क्या कर सकता हूं?
6.10.1 पिछले वर्ष के OurShare से शेयर
6.10.2 पिछले वर्ष के OurShare से शेयर
6.11 क्या OurShare जोखिम-मुक्त है?

# विषय-वस्तु


| 7. शेयरों का प्रबंधन करना | 19 |
|---|---|

7.1 मैं अपने शेयर कैसे देख और प्रबंधित कर सकता/सकती हूं?
7.2 मैं यह कैसे सुनिश्चित कर सकता/सकती हूं कि मुझे अपने शेयरों के बारे में संप्रेषण और अपडेट मिले?
7.3 क्या मैं शेयर बेच या स्थानांतरित कर सकता/सकती हूं?
7.4 क्या शेयर बेचने या स्थानांतरित करने के लिए कोई शुल्क है?
7.5 क्या मैं अपने ऑनलाइन खाते के माध्यम से अन्य कंपनियों में शेयर खरीद सकता/सकती हूं?
7.6 क्या मुझे Kerry शेयरों के बदले नकदी मिल सकती है?

| 8. छोड़नाा | 20 - 21 |
|---|---|

| 8.1 OurShare को छोड़ना | 20 |
|---|---|

8.1.1 क्या मैं OurShare छोड़ सकता/सकती हूं?
8.1.2 क्या मैं अंशदान रोक सकता/सकती हूं?
8.1.3 क्या शेयर खरीदने से पहले मुझे अपना अंशदान वापस मिल सकता है??

| 8.2 Kerry को छोड़ना | 20 - 21 |
|---|---|

8.2.1 अगर मैं Kerry को छोड़ दूं तो क्या होगा?
8.2.2 How does my last contribution work?
8.2.3 अगर मैंने छोड़ दिया तो मैं यह कैसे सुनिश्चित करूं कि मुझे अपडेट रखा जाए?
8.2.4 अगर मैं Kerry छोड़ दूं तो क्या मुझे मेरे मैचिंग शेयर मिल सकते हैं?
8.2.5 अगर मैं Kerry छोड़ दूं तो क्या मुझे तब भी लाभांश मिलेगा?
8.2.6 यदि मैं Kerry को छोड़ दूं और फिर वापस आ जाऊं तो क्या होगा?

| 9. कर (टैक्स) | 22 - 23 |
|---|---|

9.1 क्या OurShare से जुड़ने पर कोई कर से जुड़े लाभ मिलेंगे?
9.2 शेयरों पर कर कैसे लगता है?
9.3 OurShare के प्रत्येक तीन भागों पर कौन से कर देय हैं?
9.4 क्या मेरे लिए कर अधिकारियों को रिपोर्टिंग की कोई आवश्यकता है?

| 10. देश-विदेश में स्थानांतरित सहकर्मी (ग्लोबल मोबिलिटी) | 24 |
|---|---|

10.1 यदि मैं असाइनमेंट पर हूं तो क्या मैं योजना में भाग लेने के लिए पात्र हूं?
10.2 मैं भाग लेने वाले देश में वेतनभोगी कर्मचारी हूं, लेकिन एक गैर-भागीदार देश में काम करता हूं; क्या मैं कर्मचारी शेयर योजना में भाग ले सकता हूं?
10.3 यदि मैं सितंबर में OurShare से जुड़ता हूं और योजना के जीवनचक्र के दौरान किसी दूसरे देश में स्थानांतरित हो जाता हूं तो क्या होगा?
10.4 मेरा वर्तमान गृह देश योजना संचालित नहीं करता है। यदि मैं भाग लेने वाले देश में चला जाता हूं तो क्या मैं योजना में शामिल हो सकता हूं?

| 11. पारिभाषिक शब्दावली | 25 |
|---|---|

# 1. पेश कर रहे हैं OurShare

### 1.1 OurShare क्या है?

OurShare, Kerry की सर्व-कर्मचारी शेयर योजना है, जो आपको शेयरधारक बनने और Kerry का हिस्सा बनने का अवसर देती है। आप अपने कर पश्चात मासिक वेतन से अंशदान के साथ Kerry में शेयर खरीद सकते हैं और कुछ शर्तों को पूरा करने पर आप Kerry से अतिरिक्त शेयर प्राप्त कर सकते हैं। जब आप Kerry के शेयरधारक बन जाते हैं, तो आप किसी भी भावी सफलता में हिस्सा ले सकते हैं और देख सकते हैं कि आपकी भूमिका सीधे हमारे व्यावसायिक प्रदर्शन और विकास से कैसे संबद्ध है।

### 1.2 सर्व-कर्मचारी शेयर योजना क्या है?

शेयर योजना कर्मचारियों के लिए शेयर का स्वामी बनकर उस कंपनी का अंश हासिल करने का एक तरीक़ा है जिसमें वे काम करते हैं। अलग-अलग कंपनियों के पास उनके व्यवसाय और उनके लोगों के अनुरूप अलग-अलग विशिष्टता वाली थोड़ी अलग शेयर योजनाएं होंगी। सर्व-कर्मचारी (All-Employee) का सीधा सा मतलब है कि यह उन सभी के लिए खुला है जो कर्मचारी हैं - यह चंद विशिष्ट लोगों तक ही सीमित नहीं है।

### 1.3 Kerry, OurShare की पेशकश क्यों करती है?

Kerry में हम एक ऐसे समावेशी कार्यस्थल के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ हमारे सभी सहकर्मी संवहनीय पोषण में वैश्विक लीडर बनने की हमारी यात्रा में अपनी भूमिका के लिए मूल्यवान व सम्मानित महसूस करते हैं। हमारे 200 से अधिक विनिर्माण स्थलों व कार्यालयों में हमारे सहयोगियों ने हमें बताया है कि वे हमारे दृष्टिकोण, मूल्यों और उद्देश्य से अधिक जुड़ाव महसूस करना चाहते हैं।

इसलिए, हमने अपनी सामूहिक सफलता को साझा करने की अपने लोगों की प्रबल इच्छा को पूरा करते हुए, OurShare बनाया। हम One Team, One Kerry हैं, जो साहस, उद्यमशीलता की भावना, समावेशिता, खुली सोच तथा स्वामित्व के हमारे मूल्यों पर आधारित हैं। OurShare हम सभी के लिए अपनी विशेषज्ञता व महत्वाकांक्षा के माध्यम से अर्जित सफलता को साझा करने का एक अवसर है। हम चाहते हैं कि यह स्वामित्व संस्कृति और उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करे।

### 1.4 OurShare के क्या लाभ हैं?

OurShare आपके लिए Kerry का हिस्सा बनने और किसी भी भावी सफलता में हिस्सा लेने का एक अवसर है। यदि आप इससे जुड़ने का फैसला करते हैं तो आप:

- अपने शुद्ध वेतन से अंशदान के साथ हर महीने Kerry शेयर खरीदेंगे।
- आपके द्वारा खरीदे गए प्रत्येक तीन शेयरों के लिए Kerry से एक अतिरिक्त शेयर प्राप्त करेंगे – कुछ शर्तों को पूरा करने पर आप दो साल के बाद अतिरिक्त शेयर ले सकते हैं।
- यदि Kerry के शेयर की कीमत बढ़ती है तो अपने निवेश का मूल्य बढ़ता हुआ देखेंगे।
- Kerry द्वारा अपने शेयरधारकों को लाभांश के रूप में दिए जाने वाले किसी भी लाभ में हिस्सा प्राप्त करेंगे।
- शेयरधारक मामलों पर आपके पास मतदान का अधिकार होगा।

इन लाभों के बारे में अधिक विवरण इस प्रश्न और उत्तर गाइड के अन्य खंडों में दिया गया है।

### 1.5 OurShare को प्रबंधित करने में कौन मदद कर रहा है?

हम चाहते हैं कि आपके पास OurShare के बारे में सभी आवश्यक प्रासंगिक जानकारी हो, ताकि आप सूचित निर्णय ले सकें। इसलिए, हमने मजबूत सहायता नेटवर्क स्थापित किया है।

हमारी ओर से OurShare के परिचालन के लिए हम Computershare के साथ साझेदारी कर रहे हैं। Computershare एक तृतीय-पक्ष कंपनी है और OurShare से जुड़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने प्लेटफ़ॉर्म पर एक ऑनलाइन खाता प्रदान करती है, जिसे EquatePlus कहा जाता है। हम आपका अंशदान Computershare को देते हैं, Computershare शेयर खरीदती है और उन्हें आपके EquatePlus खाते में डालती है।

# 2. Kerry के एक अंश का मालिक होने का क्या मतलब है?

### 2.1 मैं Kerry के एक अंश का मालिक कैसे बन सकता/सकती हूं?

कई अन्य कंपनियों की तरह, Kerry, शेयरों में विभाजित है। प्रत्येक शेयर व्यवसाय का एक हिस्सा है, इसलिए जिसके पास Kerry का शेयर है वह Kerry के एक अंश का मालिक है। जिस व्यक्ति के पास कोई शेयर होता है उसे शेयरधारक कहा जाता है।

### 2.2 शेयर कैसे काम करते हैं?

सभी शेयरों का मूल्य समान है, समान अधिकार और लाभ के साथ। Kerry शेयर का मूल्य शेयर बाजार में कारोबारियों द्वारा चुना जाता है। कंपनी के निष्पादन और बाजार की स्थितियों सहित विभिन्न कारकों के आधार पर OurShare की कीमत बदल सकती है। शेयर की कीमत का नियमित रूप से घटना-बढ़ना सामान्य बात है।

### 2.3 क्या शेयरधारकों को Kerry का कोई लाभ मिलता है?

जी हां – जब हम लाभ कमाते हैं, तो उस लाभ का कुछ हिस्सा हमारे शेयरधारकों को दिया जाता है। जिस के पास भी Kerry का शेयर है (OurShare में सहकर्मियों सहित) वह Kerry के लाभ के एक हिस्से का हकदार है। इन भुगतानों को 'लाभांश' के रूप में जाना जाता है। उनका भुगतान प्रत्येक शेयर के लिए किया जाता है, इसलिए किसी के पास जितने अधिक शेयर होंगे, उन्हें उतना अधिक लाभ मिलेगा। हम आम तौर पर साल में दो बार मई और नवंबर में लाभ का भुगतान करते हैं – हालाँकि यह कंपनी के निष्पादन पर निर्भर करता है, इसलिए इसकी कभी कोई गारंटी नहीं होती। यदि आप OurShare से जुड़ते हैं, तो आपको अधिक शेयरों के रूप में लाभ का अपना हिस्सा प्राप्त होगा (लाभांश शेयर वाला खंड देखें)।

### 2.4 क्या शेयरधारक कंपनी से संबंधित प्रमुख निर्णयों पर मतदान कर सकते हैं?

हाँ – जिसके पास Kerry शेयर है वह कंपनी के महत्वपूर्ण मामलों, जैसे कंपनी की नीति और कंपनी के परिचालन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों पर शेयरधारक बैठक में मतदान कर सकता है। इसमें वे सहकर्मी शामिल हैं जो OurShare से जुड़ते हैं और कम से कम एक शेयर के मालिक हैं। प्रत्येक शेयर से एक वोट मिलता है, इसलिए जिसके पास जितने अधिक शेयर होंगे, उसके पास उतने ही अधिक वोट होंगे। हम OurShare में शामिल होने वाले सहकर्मियों को सूचित करेंगे कि कब कोई मतदान होना है जिसमें वे भाग ले सकते हैं।

# 3. OurShare किसके लिए है

### 3.1 OurShare में कौन शामिल हो सकता है?

OurShare सभी Kerry सहकर्मियों के लिए है। आप भाग ले सकते हैं यदि आप:

- Kerry द्वारा सीधे नियोजित (पूर्ण या अंशकालिक) हैं। इसका मतलब है कि ठेकेदार पात्र नहीं हैं।
- नामांकन अवधि खुलने से कम से कम एक महीने पहले Kerry द्वारा नियोजित किया गया हो। इसमें वे सभी शामिल हैं जो 1 अगस्त से पहले हमारे साथ जुड़ते हैं।
- OurShare से जुड़ते समय आपकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है।
- ईमेल पता (कामकाजी या व्यक्तिगत) है और इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त है।
- भाग लेने वाले देश में काम करते हैं और वहीं वेतन लेते हैं।

| | |
|---|---|
| **2023 लॉन्च** | **APMEA**<br>ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंडोनेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड<br>**यूरोप**<br>आयरलैंड, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम |
| **2024 लॉन्च** | **APMEA**<br>चीन, मलेशिया, न्यूजीलैंड, ओमान और यूएई<br>**LATAM और उत्तरी अमेरिका**<br>ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, मेक्सिको और यूएसए<br>**यूरोप**<br>डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स और पोलैंड |
| **2025 लॉन्च** | **APMEA**<br>कैमरून, हांगकांग, जापान (चीन), केन्या, नाइजीरिया, कोरिया गणराज्य, रवांडा, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तंजानिया, तुर्की और युगांडा<br>**LATAM और उत्तरी अमेरिका**<br>अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, एल साल्वाडोर और ग्वाटेमाला<br>**यूरोप**<br>ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चेक गणराज्य, ग्रीस, हंगरी, लक्जमबर्ग, रोमानिया और स्वीडन |
| **2026 लॉन्च** | **APMEA**<br>फिलीपींस, वियतनाम<br>**यूरोप**<br>यूक्रेन |

उन सहकर्मियों के लिए जो एक से अधिक देशों में रहते हैं, काम करते हैं और वेतन पाते हैं, ‘ग्लोबल मोबिलिटी’ देखें।

### 3.2 OurShare सभी देशों के लिए खुला क्यों नहीं है?

हम चाहते हैं कि हमारे सभी सहयोगी OurShare में शामिल हो सकें, इसलिए हम इसे चरणों में रोल आउट कर रहे हैं। हमने 2023 में 8 देशों से शुरुआत की, 2024 में 16 नए देशों को जोड़ा और 2025 में 25 और देशों को जोड़ा - जिससे हमारी कुल संख्या 49 हो गई।

2023 में चरण 1 के बाद, सितंबर 2024 तक चरण 2 के देशों और सितंबर 2025 तक चरण 3 के देशों के साथ, यथासंभव अधिक से अधिक देशों में OurShare को शुरू करने की हमारी व्यापक योजना है ताकि यह रोमांचक अवसर अपने सभी Kerry सहयोगियों को उपलब्ध करा सकें।

# 3. OurShare किसके लिए है

### 3.3 OurShare में कौन शामिल नहीं हो सकता?

आप OurShare में शामिल होने के पात्र नहीं हैं यदि आप:

- आवश्यकताओं को पूरा न करें (देखें 'OurShare में कौन शामिल हो सकता है')।
- आप अपनी नोटिस अवधि में काम कर रहे हों – चाहे वह नोटिस अवधि कितनी भी लंबी क्यों न हो।
- एक निश्चित अवधि के अनुबंध पर हैं और कैलेंडर वर्ष के अंत से पहले Kerry के लिए काम करना बंद करने वाले हैं। यदि आप सितंबर में शामिल होना चाहते हैं, तो आपको उस वर्ष के 31 दिसंबर के बाद भी Kerry के साथ काम करना जारी रखना होगा।
- Kerry द्वारा सीधे तौर पर नियोजित नहीं हैं। इसमें बाहरी कर्मचारी, ठेकेदार और एजेंसी कर्मचारी शामिल हैं।
- केरी द्वारा अधिग्रहीत व्यवसाय का हिस्सा हैं जो पूरी तरह एकीकृत नहीं है।

### 3.4 क्या मुझे OurShare से जुड़ना होगा?

नहीं, OurShare से जुड़ने की कोई बाध्यता नहीं है – यह एक व्यक्तिगत पसंद है। हम आपको सलाह नहीं दे सकते कि आपको शामिल होना चाहिए या नहीं, लेकिन हम आपको सूचित निर्णय लेने में मदद करना चाहते हैं। इसलिए, हमने OurShare Hub पर अनेक संसाधन उपलब्ध कराए हैं – जिसमें योजना के नियम और एक कैलकुलेटर भी शामिल है। यदि आप अब भी अनिश्चित हैं, तो शायद आप किसी पेशेवर वित्तीय और/या कर सलाहकार से बात करना चाहेंगे।

### 3.5 क्या OurShare में शामिल होने के लिए न्यूनतम सेवा अवधि आवश्यक है?

हम चाहते हैं कि OurShare जितना संभव हो उतने लोगों के लिए खुला हो, हमें बस आपको सिस्टम पर सेट करने के लिए पर्याप्त समय चाहिए। इसलिए, यदि आप नामांकन अवधि शुरू होने से कम से कम एक महीने पहले हमारे लिए काम कर रहे हैं तो OurShare आपके लिए खुला है। यह कोई भी व्यक्ति है जो 1 अगस्त से पहले Kerry में काम कर रहा है। जो कोई भी 1 अगस्त के बाद हमारे साथ काम करना शुरू करता है उसे OurShare में शामिल होने के लिए अगले वर्ष तक इंतजार करना होगा।

### 3.6 यदि मैं पहले ही किसी अन्य Kerry शेयर योजना का हिस्सा हूं तो क्या मैं इसमें शामिल हो सकता/सकती हूं?

जी हां – OurShare सभी के लिए खुला है, जिसमें अगर आप पहले ही अन्य Kerry शेयर योजनाओं या प्रोत्साहन योजनाओं में शामिल हैं। इसमें हमारी लघु और दीर्घकालिक प्रोत्साहन योजनाएँ (STIP / LTIP) शामिल हैं।

### 3.7 यदि मैं Kerry की प्रतिबंधित सूची का भेदिया (इनसाइडर) हूं तो क्या मैं इसमें शामिल हो सकता/सकती हूं?

यदि आप Kerry की प्रतिबंधित सूची में 'भेदिया (इनसाइडर)' हैं, तो आप केवल खुली अवधि में और जब आपके पास अंदरूनी जानकारी नहीं हो, OurShare में शामिल हो सकते हैं। यदि यह आप पर लागू होता है तो कंपनी सचिवालय की टीम द्वारा आपको सूचित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी myKerry इंट्रानेट साइट पर हमारी प्रतिभूतियों में लेन-देन की पॉलिसी देखें।

### 3.8 क्या OurShare शरिया कानून का अनुपालन करता है?

जी नहीं, OurShare शरिया कानून का अनुपालन नहीं करता।

# 4. OurShare कैसे काम करता है

### 4.0.1 OurShare कैसे काम करता है?

आप वार्षिक नामांकन विंडो के दौरान OurShare से जुड़ सकते हैं, जो हर सितंबर में खुलती है। आप तय करते हैं कि आप एक वर्ष तक हर महीने कितना अंशदान करना चाहते हैं, और अगले 12 महीनों में पे-रोल आपसे कर के बाद आपके वेतन से आपका उतना अंशदान लेता है। इसे अंशदान कहा जाता है, और इसका उपयोग आपकी ओर से शेयर खरीदने के लिए किया जाता है।

आपका अंशदान हर महीने अक्तूबर से अगले सितंबर तक काटा जाता है। और हर बार जब आप शेयर खरीदते हैं, Kerry अतिरिक्त लाभ देता है – आपके द्वारा खरीदे जाने वाले प्रत्येक तीन शेयर के लिए Kerry की ओर से एक अतिरिक्त शेयर प्राप्त करें। इन अतिरिक्त शेयरों को अनलॉक करने के लिए आपको अपने पहले अंशदान से खरीदे गए शेयरों को दो साल तक बनाए रखना होगा।

**OurShare तीन भागों से बना है:**

- खरीदे गए (Purchase) शेयर – वे शेयर जो आप अपने मासिक अंशदान से खरीदते हैं
- मैचिंग शेयर – Kerry से आपको मिलने वाले अतिरिक्त शेयर: आपके द्वारा खरीदे जाने वाले प्रत्येक तीन शेयरों के लिए एक शेयर
- लाभांश शेयर – जब Kerry अपने लाभ के एक हिस्से का भुगतान शेयरधारकों को करती है तो आपको अतिरिक्त शेयर प्राप्त होते हैं

# 4. OurShare कैसे काम करता है

## 4.1 खरीदे गए शेयर

### 4.1.1 मैं शेयर कैसे खरीदूं?

आपकी ओर से Kerry द्वारा इसका प्रबंधन किया जाता है। जब आप OurShare से जुड़ते हैं, तो आप तय करते हैं कि एक साल तक हर महीने कितना अंशदान देना है। पे-रोल यह अंशदान आपके कर के बाद वाले वेतन से लेगा – आप इसे अपनी वेतन पर्ची पर देख पाएंगे। हम इसे Computershare को भेजते हैं, जो खुले बाजार में OurShare में सभी के लिए Kerry के शेयर खरीदेगा।

इन्हें खरीदे गए शेयर के रूप में जाना जाता है। वे आपके हैं। आप अपने शेयर अपने EquatePlus खाते में देख सकते हैं। वहां, आप आसानी से अपने शेयरों तक पहुंच सकते हैं और लेन-देन कर सकते हैं।

### 4.1.2 हम कितनी बार शेयर खरीदते हैं?

Computershare हर महीने की 15 तारीख को शेयर खरीदेगा (या यदि 15वीं तारीख को सप्ताहांत हो, तो अगले कार्य दिवस पर)। यदि आप सितंबर में शामिल होते हैं तो आप अपना पहला अंशदान अक्तूबर में करेंगे, और आपके पहले शेयर नवंबर में खरीदे जाएंगे। यह चक्र 12 महीने तक हर महीने दोहराया जाता है।

### 4.1.3 मैं कितने शेयर खरीद सकता/सकती हूं?

आपके अंशदान द्वारा खरीदे जाने वाले शेयरों की संख्या अलग-अलग होने की संभावना है। यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- आप कितना अंशदान करते हैं, और
- जब शेयर खरीदे जाते हैं तो Kerry शेयर की कीमत, और
- आपमें से उन लोगों के लिए जिन्हें यूरो -मुद्रा विनिमय दर में- में भुगतान नहीं किया जाता।

इनमें से प्रत्येक कारक सहकर्मीवार और महीने दर महीने बदलता रहेगा।

व्यावहारिक रूप से यह कैसे काम कर सकता है, यह जानने के लिए, OurShare hub पर जाएं। वहां, आपको और अधिक जानकारी तथा अन्य संसाधन मिलेंगे।

### 4.1.4 यदि मैं पूरा शेयर नहीं खरीद सकता/सकती हूं, तो क्या होगा?

आपकी मासिक अंशदान राशि प्रत्येक माह पूरे शेयर के मूल्य से कम हो सकती है। उस स्थिति में, आपका अंशदान शेयर का एक हिस्सा खरीदता है। इन्हें आंशिक शेयर के रूप में जाना जाता है। समय के साथ, आंशिक शेयर जुड़कर एक पूरा शेयर बनेगा।

### 4.1.5 मैं अपने शेयरों के साथ क्या कर सकता/सकती हूं?

जब आपके EquatePlus खाते में शेयर हों, तो आप यह कर सकते हैं:

- उनमें से सार या कुछ को बेच सकते हैं – हालांकि यदि आप अतिरिक्त मैचिंग शेयरों के अनलॉक होने से पहले अपने शेयर बेचते हैं, तो आप अपने अतिरिक्त शेयर खो देंगे।
- उन्हें अपने व्यक्तिगत शेयर डीलिंग खाते में स्थानांतरित कर सकते हैं।
- अपने शेयरों को अपने EquatePlus खाते में रख सकते हैं और Kerry शेयरधारक के रूप में अपनी यात्रा जारी रख सकते हैं, कंपनी के मुनाफ़े का एक अंश अतिरिक्त शेयरों के रूप में प्राप्त कर सकते हैं, और कंपनी के निर्णयों पर मतदान कर सकते हैं।

# 4. OurShare कैसे काम करता है

### 4.1.6 Kerry के शेयर की कीमत क्या है?

कंपनी के निष्पादन और बाजार की स्थितियों सहित विभिन्न कारकों के आधार पर हमारे शेयर की कीमत बदलती है। आप हमारे वर्तमान शेयर मूल्य यहां देख सकते हैं:

- OurShare Hub: kerryourshare.com
- EquatePlus डैशबोर्ड
- kerry.com पर

### 4.1.7 यदि मुझे भुगतान यूरो में नहीं मिलता तो क्या होगा?

आप अपना अंशदान अपनी स्थानीय मुद्रा में करते हैं। न्यूनतम और अधिकतम अंशदान सीमा यूरो में निर्धारित की जाती है और 1 जनवरी से 31 जुलाई की अवधि के लिए औसत विनिमय दर का उपयोग करके आपकी स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित की जाती है।

जब आप अपनी स्थानीय मुद्रा में अंशदान करते हैं, तो इसे हर महीने Kerry शेयर खरीदने के लिए इस्तेमाल करने से पहले यूरो में बदल दिया जाता है। आपके शेयर यूरो में खरीदे जाने चाहिए क्योंकि Kerry शेयरों का कारोबार यूरो में होता है। विनिमय दरें समय के साथ ऊपर-नीचे होती रहती हैं, जिससे Kerry शेयर खरीदने के लिए हर महीने आपके पास मौजूद यूरो की संख्या प्रभावित हो सकती है।

### 4.1.8 अंशदान कितने समय तक चलता है?

OurShare आपके लिए प्रत्येक वर्ष शामिल होने या पुनः शामिल होने के अवसर के साथ 12 महीने तक चलता है। यदि आप सितंबर में OurShare से जुड़ते हैं, तो आप अपना पहला अंशदान अक्तूबर में देंगे। उस चक्र के लिए आपका अंतिम अंशदान अगले सितंबर में होगा। उस समय, आप स्वचालित रूप से उसी राशि के लिए अगले 12-महीने के चक्र में नामांकित हो जाएँगे।

### 4.1.9 क्या हर महीने शेयर खरीदने के लिए कोई लागत है?

नहीं – Kerry आपकी ओर से आपके खरीदे गए शेयर खरीदने की लागत को कवर करता है। इसमें शामिल हैं:

- आपके इक्वेटप्लस खाते के लिए शुल्क
- ब्रोकरज और लेनदेन शुल्क।

नियम और शर्तों में इसके बारे में अधिक जानकारी है, जिसे आप OurShare हब पर पा सकते हैं।

# 4. OurShare कैसे काम करता है

## 4.2 मैचिंग शेयर

### 4.2.1 मैचिंग शेयर क्या हैं?

मैचिंग शेयर OurShare की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं। जब आप अपने शेयर खरीदते हैं, तो Kerry आपको अतिरिक्त शेयर देती है जिन्हें मैचिंग शेयर के रूप में जाना जाता है। इन अतिरिक्त शेयरों के साथ कुछ शर्तें जुड़ी हुई हैं (देखें 'मैं मैचिंग शेयर कैसे प्राप्त करूँ?')।

### 4.2.2 मुझे कितने मैचिंग शेयर प्राप्त हो सकते हैं?

Kerry आपको अपने अंशदान से खरीदे गए प्रत्येक तीन शेयरों के लिए एक अतिरिक्त शेयर देगा। आपको प्राप्त होने वाले मैचिंग शेयरों की संख्या विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है:

- आपने कितने खरीदे गए शेयर खरीदा
- चाहे आपने अपने खरीदे गए शेयर दो साल तक रखे हों।

शायद आपके पास पूर्ण मैचिंग शेयर के लिए पर्याप्त खरीदे गए शेयर न हों। उस स्थिति में, आपको शेयर का एक अंश प्राप्त होगा। इन्हें आंशिक शेयर के रूप में जाना जाता है। समय के साथ, आपके आंशिक शेयर जुड़कर एक पूरा शेयर बनेंगे।

### 4.2.3 मैं मैचिंग शेयर्स कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूं?

हर बार जब आप अपने अंशदान से शेयर खरीदते हैं, Kerry स्वचालित रूप से आपको प्राप्त होने वाले मिलान शेयरों की संख्या की गणना करता है। आप अपने EquatePlus खाते में अपने संभावित मैचिंग शेयरों को बढ़ता हुआ देख सकते हैं। हालाँकि, आप इन शेयरों तक तुरंत नहीं पहुँच सकते – आपको Kerry के साथ रहना होगा और अपने पहले अंशदान के बाद दो साल के लिए अपने खरीदे गए शेयरों को अपने EquatePlus खाते में छोड़ना होगा। इसके कुछ अपवाद हैं – नीचे छोड़ने से संबंधित खंड को देखें।

उदाहरण के लिए, यदि आप इस वर्ष सितंबर में OurShare में शामिल होते हैं तो आप इस वर्ष अक्टूबर में अपना पहला योगदान देंगे और अगले वर्ष सितंबर में अपना अंतिम योगदान देंगे। अगले अक्टूबर में, आपके सभी Matching Shares अनलॉक हो जाएंगे - आपके पहले योगदान के दो साल बाद, आपके EquatePlus खाते में खरीदे गए शेयरों की संख्या के आधार पर। एक बार जब आप अपना अंतिम योगदान कर देते हैं तो अगले 12 महीनों को 'होल्डिंग अवधि' के रूप में जाना जाता है, जब आपके Matching Shares लॉक हो जाते हैं।

### 4.2.4 मुझे अपने मैचिंग शेयर कब प्राप्त होंगे?

आप अपने EquatePlus खाते में अपने संभावित मैचिंग शेयरों को, और उन्हें बढ़ता हुआ देख सकते हैं। हालाँकि, ये आपके पहले अंशदान के बाद दो साल के लिए लॉक हो जाते हैं। इसके कुछ अपवाद हैं – नीचे छोड़ने से संबंधित खंड को देखें।

इस वर्ष अक्टूबर और अगले वर्ष सितंबर के बीच आप जो शेयर खरीदते हैं और रखते हैं, उनके लिए आपको अगले वर्ष अक्टूबर में अपने Matching Shares मिलेंगे।

# 4. OurShare कैसे काम करता है

### 4.2.5 मैं अपने मैचिंग शेयरों के साथ क्या कर सकता/सकती हूं?

आपके खरीदे गए शेयरों की तरह, एक बार आपके पास मैचिंग शेयर हो जाएं, तो आप यह कर सकते हैं:

- अपने शेयरों को अपने EquatePlus खाते में रख सकते हैं और Kerry शेयरधारक के रूप में अपनी यात्रा जारी रख सकते हैं और अतिरिक्त शेयरों के रूप में कंपनी के मुनाफे का एक हिस्सा प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, यदि आपके पास कम से कम एक पूरा शेयर है, तो आप कंपनी के निर्णयों पर मतदान कर सकते हैं। और अधिक जानकारी के लिए, 'Kerry के एक अंश का मालिक होने का क्या मतलब है' देखें
- उनमें से सभी या कुछ बेच सकते हैं
- उन्हें अपने व्यक्तिगत शेयर डीलिंग खाते में स्थानांतरित कर सकते हैं

### 4.2.6 यदि मैं अपने खरीदे गए शेयर दो साल के भीतर बेच दूं तो क्या होगा?

आप अपने खरीदे गए शेयरों के मालिक हैं – आप इन शेयरों को किसी भी समय बेच या स्थानांतरित कर सकते हैं। हालाँकि, Kerry जो अतिरिक्त शेयर देता है वह केवल आपके लिए उपलब्ध है यदि आप अपना अंशदान शुरू करने के बाद दो साल तक अपने शेयर अपने EquatePlus खाते में रखते हैं। अतिरिक्त शेयर आपके EquatePlus खाते में बचे किसी भी शेयर पर लागू होंगे। इसका मतलब है कि आप कुछ बेच सकते हैं और फिर भी अपने पास रखे शेयरों पर अतिरिक्त शेयर प्राप्त कर सकते हैं।.

### 4.2.7 क्या मुझे इन शेयरों पर कर चुकाना होगा?

आपको अपने शेयरों पर कर चुकाना पड़ सकता है। देय राशि, साथ ही यह कैसे और कब देय है, यह अलग-अलग देशों में अलग-अलग होता है। नीचे 'कर' (टैक्स) खंड देखें।

# 4. OurShare कैसे काम करता है

## 4.3 लाभांश शेयर

### 4.3.1 लाभांश क्या है?

लाभांश हमारे लाभ का एक अंश है। Kerry का स्वामित्व हमारे शेयरधारकों के पास है, इसलिए जब हम लाभ कमाते हैं, तो हम उसका भुगतान उन लोगों को करते हैं जिन्होंने हम में निवेश किया है। यदि आप OurShare से जुड़ते हैं तो इसमें आप भी शामिल हैं। हमारे लाभांश का भुगतान प्रत्येक शेयर पर किया जाता है – इसलिए आपके पास जितने अधिक शेयर होंगे, हम आपको उतना अधिक लाभांश का भुगतान करेंगे। लाभ कंपनी के निष्पादन पर निर्भर करता है, इसलिए उनकी कभी गारंटी नहीं होती। जब हम इसका भुगतान करते हैं, तो यह आम तौर पर साल में दो बार होता है, मई और नवंबर में। और विवरण के लिए, 'Kerry के एक अंश का मालिक होने का क्या मतलब है' देखें

### 4.3.2 यदि मैं OurShare से जुड़ूं तो क्या मुझे लाभांश मिलेगा?

जी हां। यदि आप OurShare से जुड़ते हैं तो आप Kerry के शेयरधारक बन जाएंगे और Kerry के एक अंश के मालिक होंगे। एक शेयरधारक के रूप में आप हमारी कंपनी के लाभ में हिस्सेदारी के हकदार हैं।  जब भी हम लाभांश का भुगतान करते हैं, तो आपको खरीदे गए शेयरों पर और अनलॉक किए गए किसी भी अतिरिक्त शेयर पर लाभांश मिलेगा। लाभांश को नकदी से अधिक शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा, जिन्हें 'लाभांश शेयर' के रूप में जाना जाता है।

### 4.3.3 मुझे लाभांश कैसे मिलेगा?

यदि आप OurShare से जुड़ते हैं तो आपको हमारे लाभ का अपना हिस्सा स्वचालित रूप से सीधे आपके EquatePlus खाते में मिल जाएगा। यह अधिक शेयरों के रूप में आएगा, जिन्हें लाभांश शेयरों के रूप में जाना जाता है – ताकि आप अपने पॉट को और भी अधिक बढ़ता हुआ देख सकें। कुछ देशों में, हमारे लिए कानूनन जरूरी है कि शेयरों के बजाय नकद में लाभांश का भुगतान करें – यदि आपका मामला इस प्रकार का है, तो आपको EquatePlus पर अपना लाभांश नकद रूप में मिलेगा।

### 4.3.4 मैं लाभांश में कितना कमाऊंगा/कमाऊंगी?

आपको Kerry का कितना लाभ मिलेगा यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- आपके पास कितने Kerry शेयर (या शेयरों के कुछ हिस्से) हैं
- हम कितना मुनाफा कमाते हैं
- क्या हम लाभांश का बिल्कुल भुगतान कर सकते हैं।

### 4.3.5 क्या मुझे अपने लाभांश शेयरों पर मैचिंग शेयर मिलेंगे?

नहीं, हम लाभांश शेयरों पर अतिरिक्त शेयर नहीं देते हैं।

### 4.3.6 क्या मुझे मेरे मैचिंग शेयरों पर लाभांश शेयर मिलेंगे?

पहले दो वर्ष नहीं, लेकिन आपके अतिरिक्त शेयर अनलॉक होने के बाद हम लाभांश का भुगतान करेंगे।

### 4.3.7 क्या लाभांश शेयरों पर कोई प्रतिबंध है?

नहीं, लाभांश शेयरों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। जब वे आपके व्यक्तिगत EquatePlus खाते में दिखाई देंगे, तो आप उन्हें बेच सकते हैं या स्थानांतरित कर सकते हैं।

# 5. OurShare में अंशदान

### 5.1 मैं कितना अंशदान दे सकता/सकती हूं?

आप हर महीने €10 और €200 (या समतुल्य स्थानीय मुद्रा में) के बीच किसी भी राशि का अंशदान कर सकते हैं। यह केवल पूर्णांक यूरो में हो सकता है – उदाहरण के लिए, €12 या €13, लेकिन €12.50 नहीं। आपकी स्थानीय मुद्रा के मामले में भी यही होगा: आपको संपूर्ण इकाइयों में कोई राशि चुननी होगी।

### 5.2 क्या मैं अपना अंशदान एकमुश्त भुगतान कर सकता/सकती हूं?

नहीं, अंशदान का भुगतान नियमित किस्तों में किया जाना चाहिए। यह स्वचालित रूप से पे-रोल से काट लिया जाता है।

### 5.3 क्या मैं अपने अंशदान की राशि बदल सकता/सकती हूं?

जी हां, आप अपने EquatePlus खाते के माध्यम से OurShare में अपने अंशदान की राशि को किसी भी समय बदल सकते हैं। आपको एक महीने का नोटिस देना होगा ताकि पे-रोल आवश्यक परिवर्तन कर सके। आपकी नई अंशदान राशि तब भी €10 और €200 प्रति माह (या स्थानीय समतुल्य) के बीच होनी चाहिए। OurShare Hub पर अंशदान शेड्यूल और प्रमुख तिथियों का सारांश उपलब्ध है।

### 5.4 यदि मेरे पास एक महीने के अंशदान के लिए पर्याप्त वेतन नहीं है तो क्या होगा?

यदि किसी विशिष्ट महीने में आपका कर के बाद का वेतन, आपके अंशदान से कम है, तो आप उस महीने अंशदान नहीं कर सकते। आपका अंशदान अगले महीने सामान्य रूप से जारी रहेगा, बशर्ते कि आपका वेतन पर्याप्त है।

### 5.5 यदि मैं अंशकालिक सहकर्मी हूं तो क्या होगा?

चाहे आप पूर्णकालिक काम करते हों या अंशकालिक, वही अंशदान सीमाएं लागू होती हैं। आपकी अंशदान राशि आनुपातिक नहीं होगी। इसका प्रभाव इस बात पर पड़ सकता है कि आप कितना अंशदान देने का निर्णय लेते हैं।

### 5.6 यदि मुझे मासिक भुगतान नहीं मिलता तो क्या होगा?

आपको साप्ताहिक या द्वि-साप्ताहिक भुगतान किया जा सकता है। जब आप OurShare से जुड़ेंगे तो आपको उसी प्रक्रिया का पालन करना होगा और अपनी मासिक अंशदान सीमा चुननी होगी। पे-रोल फिर साप्ताहिक या द्वि-साप्ताहिक समान अंशदान की गणना करेगा, और इसे दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करेगा।

### 5.7 यदि मैं अस्थायी सवैतनिक अवकाश पर हूं तो क्या होगा?

यदि आप अस्थायी भुगतान अवकाश, जैसे मातृत्व या अभिभावक अवकाश, बीमारी अवकाश या लंबी सेवा अवकाश पर हैं तो आप अंशदान देना जारी रख सकते हैं। यदि आपको तब भी भुगतान की जा रही राशि आपके द्वारा अंशदान के लिए चयनित राशि को कवर करने के लिए पर्याप्त है, तो आपका अंशदान जारी रहेगा।

### 5.8 यदि मैं अस्थायी अवैतनिक अवकाश पर हूं तो क्या होगा?

यदि आपको भुगतान नहीं किया जा रहा है, उदाहरण के लिए यदि आप विश्राम (सबैटिकल) पर हैं, तो हम आपके अंशदान को रोक देंगे। जब आपको दोबारा भुगतान मिलने लगेगा तो आपका अंशदान फिर से शुरू हो जाएगा, लेकिन आप छूटे हुए किसी भी मासिक अंशदान की भरपाई नहीं कर सकते। कुछ देशों में, कानूनन सहकर्मियों को हमें OurShare में अंशदान जारी रखने की अनुमति देनी होगी। जहां ऐसा मामला है, हम आपको एक वैकल्पिक अंशदान पद्धति की पेशकश करेंगे। आप वैधानिक मातृत्व या बीमारी वेतन जैसे वैधानिक भुगतान से अंशदान नहीं कर सकते।

# 6. OurShare से जुड़ना

### 6.1 मैं OurShare से कैसे जुड़ सकता/सकती हूं?

यदि आपके पास Kerry ईमेल पता है तो आपको अपना खाता सक्रिय करने के लिए EquatePlus से एक ईमेल प्राप्त होगा। यदि आपके पास Kerry ईमेल नहीं है तो आपको हमें अपना व्यक्तिगत ईमेल पता देना होगा। आप OurShare Hub: kerryourshare.com पर जाकर और 'पूर्व-पंजीकरण फॉर्म' भरकर ऐसा कर सकते हैं। पूर्व-पंजीकरण करते समय, नामांकन की कोई बाध्यता नहीं है, इसका मतलब सिर्फ यह है कि आप अपना ईमेल निमंत्रण प्राप्त कर सकते हैं।

जब नामांकन अवधि खुली होगी, तो आपको शामिल होने के लिए लिंक के साथ ईमेल निमंत्रण भेजा जाएगा। यह आपको EquatePlus पर ले जाएगा, जहां आप शामिल हो सकते हैं और हर महीने की अंशदान राशि चुन सकते हैं। नामांकन अवधि शुरू होने पर हम आपको बताएंगे और बंद होने से पहले रिमांइडर भेजेंगे।

### 6.2 OurShare से जुड़ने के लिए क्या मुझे इंटरनेट तक पहुंच चाहिए?

जी हां, शामिल होने सहित सभी कार्यों और लेन-देन को EquatePlus प्लेटफ़ॉर्म पर पूरा किया जाना चाहिए, जिसके लिए आपके लिए इंटरनेट तक पहुंच जरूरी है। यदि आपके पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है, तो आप अपने कार्यस्थल की व्यवस्था के आधार पर किसी कंपनी के डिवाइस का उपयोग करने में सक्षम हो सकते हैं।

### 6.3 यदि मेरे पास पहले से ही EquatePlus खाता है, तो क्या मुझे OurShare के लिए एक नए खाते की आवश्यकता है?

यदि आपके पास पहले ही EquatePlus खाता है, तो आपको नया खाता बनाने की आवश्यकता नहीं है (यानी यदि आप पहले से ही Kerry की दीर्घकालिक प्रोत्साहन योजना 'LTIP' का हिस्सा हैं या पिछले वर्ष में OurShare में शामिल हुए हैं)। जब आप OurShare से जुड़ते हैं, तो आप सामान्य रूप से अपने खाते तक पहुंच पाएंगे।

यदि आपका किसी पूर्व नियोक्ता के साथ EquatePlus खाता है, तो आपको एक नया Kerry खाता बनाना होगा।

### 6.4 क्या मुझे OurShare से जुड़ना होगा?

जी नहीं। OurShare से जुड़ने का चयन व्यक्तिगत निर्णय है, और इसमें शामिल होने की कोई बाध्यता नहीं है। हम आपको सूचित निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी देना चाहते हैं। हम इस बारे में सलाह नहीं दे सकते कि आपको शामिल होना चाहिए या नहीं। यदि आप अनिश्चित हैं, तो बेहतर होगा कि आप किसी पेशेवर वित्तीय और/या कर सलाहकार से बात करें।

### 6.5 क्या मैं नामांकन अवधि समाप्त होने के बाद OurShare में शामिल हो सकता/सकती हूं?

जी नहीं, हम हर सितंबर में नामांकन अवधि चालू करेंगे, जो लगभग एक महीने तक खुली रहेगी – सटीक तिथियों के लिए संप्रेषणों को देखते रहें। यदि आप इसमें शामिल होना चाहते हैं, तो आपको इस अवधि के दौरान ऐसा करना होगा – यदि आप इसे चूक जाते हैं, या इसके बंद होने तक पात्र नहीं होते हैं, तो आपको अगली नामांकन अवधि तक एक साल इंतजार करना होगा।

### 6.6 क्या मुझे हर साल पुन: नामांकन कराने की आवश्यकता होगी?

प्रक्रिया की सुगमता के लिए, जब आप OurShare में शामिल होते हैं, तो उस समय आपके पात्र पाए जाने पर हम आपको स्वचालित रूप से भावी चक्रों में नामांकित करेंगे। आपकी मासिक अंशदान राशि वही रहेगी।

यदि आप यूरो के अलावा किसी अन्य मुद्रा में अंशदान कर रहे हैं, तो विनिमय दर में परिवर्तन के अनुसार न्यूनतम और अधिकतम अंशदान साल-दर-साल बदल सकता है।

- यदि आपकी मुद्रा में नई न्यूनतम राशि आपके वर्तमान अंशदान से अधिक है, तो आपको नई राशि दर्ज करने के लिए ईमेल प्राप्त होगा।
- यदि आपकी मुद्रा में नई अधिकतम राशि आपके वर्तमान अंशदान से कम है, तो आपका अंशदान स्वचालित रूप से नई अधिकतम राशि तक कम हो जाएगा।

आप प्रत्येक सितंबर में वार्षिक नामांकन अवधि के दौरान या पूरे वर्ष अपने अंशदान में परिवर्तन करने का चयन सकते हैं।

# 6. OurShare से जुड़ना

### 6.7 अगर मैं पिछले वर्षों में शामिल हुआ तो क्या होगा?

यदि आपने पहले OurShare में शामिल किया था और अभी भी योगदान दे रहे हैं, तो आपको इस वर्ष के चक्र के लिए स्वचालित रूप से पुनः नामांकित किया जाएगा। आपका मासिक योगदान वही रहेगा जब तक कि यह अब आपके स्थानीय मुद्रा में अनुमत न्यूनतम या अधिकतम से नीचे या ऊपर न हो।

पिछले वर्ष के OurShare से आपका अंतिम योगदान सितंबर में होगा, और इस वर्ष के OurShare के लिए आपका पहला योगदान अक्टूबर में होगा। इसका मतलब है कि आपके मासिक योगदान में कोई अंतराल या ओवरलैप नहीं होगा।

आप स्वचालित रूप से पुनः नामांकित नहीं होंगे, और आपको नामांकन विंडो के दौरान शामिल होना होगा, यदि आप:।

- अब OurShare में योगदान नहीं दे रहे हैं
- स्वचालित नामांकन से बाहर हो गए हैं।

### 6.8 मैंने पिछले वर्ष OurShare में नामांकन किया था लेकिन फिर छोड़ दिया। क्या मैं फिर से शामिल हो सकता हूं?

हाँ। आपको बस एक नई शामिल होने वाली विंडो खुलने पर पुनः नामांकन करना होगा।

### 6.9 अगर मैं इस वर्ष के OurShare के लिए बदलाव करना चाहता हूं तो क्या होगा?

OurShare लचीला है, इसलिए आप किसी भी समय बदलाव कर सकते हैं। हालांकि, यह आपके योगदान को देखने और यह जांचने का एक अच्छा समय है कि वे अभी भी आपके लिए काम करते हैं या नहीं। आप अपनी पसंद से अभी भी खुश हो सकते हैं, या आपकी परिस्थितियाँ बदल सकती हैं।

याद रखें, आप किसी भी समय अपना मन बदल सकते हैं!

### 6.10 मैं पिछले OurShare चक्रों से अपने शेयरों के साथ क्या कर सकता हूं?

#### 6.10.1 पिछले वर्ष के OurShare से शेयर

जब आपकी 12-महीने की बचत अवधि सितंबर में समाप्त होती है, तो Kerry से कोई भी अतिरिक्त Matching Shares एक और वर्ष के लिए लॉक रखे जाएंगे।

जबकि आपके खरीदे गए शेयर और कोई भी लाभांश शेयर तुरंत आपके हैं, यदि आप अपने Matching Shares अनलॉक होने से पहले अपने खरीदे गए शेयरों को बेचते हैं, तो आप संबंधित Matching Shares खो देंगे।

# 6. OurShare से जुड़ना

### 6.10.2 पिछले वर्ष के OurShare से शेयर

पिछले OurShare चक्रों से आपके Matching Shares आपके शामिल होने के दो साल बाद अक्टूबर में अनलॉक हो जाते हैं। इसका मतलब है कि आप:

- अपने Matching Shares का उपयोग करे
- अपने Matching Shares पर लाभांश अर्जित करे - आपको लाभांश शेयरों के रूप में प्रदान किया गया
- बिना समकक्ष Matching Shares खोए अपने खरीदे गए शेयरों को बेचें या स्थानांतरित करे।

एक बार जब आपके Matching Shares अनलॉक हो जाते हैं, तो आपके पास 3 विकल्प होते हैं:

1. उन्हें रखें, और Kerry के शेयरधारक होने के लाभों का आनंद लेना जारी रखें।
2. उन्हें बेचें, और उस सफलता से लाभ उठाएं जिसे उन्होंने बनाने में मदद की।
3. उन्हें एक व्यक्तिगत ब्रोकरज खाते में स्थानांतरित करे।

आप अपने EquatePlus खाते में अपने शेयरों को देख सकते हैं और प्रबंधित कर सकते हैं। OurShare Hub के अनलॉकिंग सेक्शन में अधिक जानकारी उपलब्ध है (जल्द ही उपलब्ध)।

### 6.11 क्या OurShare जोखिम-मुक्त है?

Kerry शेयरों का मूल्य घट-बढ़ सकता है, और विनिमय दरों में भी उतार-चढ़ाव होता रहता है। हम भावी शेयर मूल्य या विनिमय दरों की भविष्यवाणी नहीं कर सकते, इसलिए कुछ हद तक जोखिम रहता है। जैसा कि शेयरों के किसी भी निवेश में होता है, आपको निवेश से कम प्रतिलाभ मिल सकता है।

आपको OurShare में शामिल होने से पहले संभावित जोखिमों और अपनी व्यक्तिगत वित्तीय स्थिति, जरूरतों और लक्ष्यों पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए। हालांकि Kerry वित्तीय सलाह नहीं दे सकता, पर हमने OurShare के बारे में संसाधन उपलब्ध कराए हैं – यह महत्वपूर्ण है कि आप उन्हें पढ़ने के लिए समय निकालें ताकि आप संसूचित निर्णय ले सकें।

# 7. शेयरों का प्रबंधन करना

### 7.1 मैं अपने शेयर कैसे देख और प्रबंधित कर सकता/सकती हूं?

यदि आप OurShare से जुड़ते हैं, तो आपके पास अपना सुरक्षित, व्यक्तिगत EquatePlus खाता होगा। वहाँ, आप OurShare से आपके पास मौजूद सभी शेयरों का विवरण देख सकते हैं। आप अपने स्वामित्व वाले शेयरों की निगरानी करने में सक्षम होंगे – खरीदे गए शेयर, लाभांश शेयर और अनलॉक किए गए मैचिंग शेयर। आप अपने लॉक किए गए मैचिंग शेयर भी देख पाएंगे ('मैचिंग शेयर' देखें), और कि ये कब उपलब्ध होंगे।

### 7.2 मैं यह कैसे सुनिश्चित कर सकता/सकती हूं कि मुझे अपने शेयरों के बारे में संप्रेषण और अपडेट मिले?

आपको EquatePlus से ईमेल या ऐप के माध्यम से अपडेट और सूचनाएँ प्राप्त होंगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको ये अपडेट प्राप्त हों, आपको ऐप डाउनलोड करना होगा, और EquatePlus पर अपने संपर्क विवरण को अद्यतन रखना होगा। यदि आपके पास Kerry का कामकाजी ईमेल नहीं है, तो यह बेहद जरूरी है।

### 7.3 क्या मैं शेयर बेच या स्थानांतरित कर सकता/सकती हूं?

जी हाँ, आप किसी भी समय अपने EquatePlus खाते से अपने कुछ या सभी शेयर बेच या स्थानांतरित कर सकते हैं।

प्रत्येक 12-महीने के चक्र के लिए, आपको अपने मैचिंग शेयरों के अनलॉक होने से पहले अपने खरीदे गए शेयरों को अपने पहले अंशदान से दो साल तक रखना होगा। यदि आप अपना कोई खरीदा हुआ शेयर पहले बेचते हैं, तो आप संबंधित मैचिंग शेयर प्राप्त करने से चूक जाएंगे।

जब आप अपने शेयर बेचते हैं, तो यह हमारी प्रतिभूतियों में लेनदेन नीति के अनुरूप होना चाहिए। आप इसे OurShare Hub के संसाधन खंड में देख सकते हैं।

### 7.4 क्या शेयर बेचने या स्थानांतरित करने के लिए कोई शुल्क है?

जी हां, जब आप अपने शेयर बेचते हैं या स्थानांतरित करते हैं, तो आपको लेन-देन शुल्क का भुगतान करना होगा। इन शुल्कों का विवरण EquatePlus पर उपलब्ध है।

जब आप EquatePlus पर अपने शेयर बेचते हैं, तो आपको संबंधित शुल्कों का पूरा ब्यौरा दिखाई देगा, साथ ही यह भी कि आपको अपने बैंक खाते में कितना पैसा मिलेगा।

लेनदेन शुल्क इस प्रकार हैं:
- शेयर बिक्री शुल्क (कमीशन/डीलिंग शुल्क)
- अंतर्राष्ट्रीय निधि हस्तांतरण शुल्क (वायर शुल्क) *केवल तभी जब इसे गैर-यूरो खाते में स्थानांतरित किया जाता है।
- मुद्रा रूपांतरण (विदेशी मुद्रा शुल्क) *केवल तभी जब इसे गैर-यूरो मुद्रा में स्थानांतरित किया जाता है।

जब आप शेयर बेचते हैं, तो यह लेन-देन शुल्क बिक्री राशि से लिया जाएगा। इसका मतलब है कि आपको पहले कुछ भी भुगतान नहीं करना होगा। इसके बजाय, आपको अपने बेचे गए शेयरों के मूल्य का भुगतान, लेन-देन शुल्क घटाकर किया जाएगा।

जहां प्रासंगिक हो आप शेयरों को अपने शेयर डीलिंग खाते में स्थानांतरित कर सकते हैं। अनुरोध पूरा करने पर EquatePlus स्थानांतरण शुल्क की पुष्टि करेगा, जिसका भुगतान आपको स्थानांतरण पूरा करने पर ऑनलाइन करना होगा।

### 7.5 क्या मैं अपने ऑनलाइन खाते के माध्यम से अन्य कंपनियों में शेयर खरीद सकता/सकती हूं?

जी नहीं, EquatePlus खाते केवल Kerry में रखे गए शेयरों के प्रबंधन के लिए उपलब्ध हैं।

### 7.6 क्या मुझे Kerry शेयरों के बदले नकदी मिल सकती है?

OurShare आपको Kerry में शेयर खरीदने का अवसर देता है – कोई समतुल्य नकदी उपलब्ध नहीं है।

# 8. छोड़ना

## 8.1 OurShare को छोड़ना

### 8.1.1 क्या मैं OurShare छोड़ सकता/सकती हूं?

जी हाँ, आप अपनी भागीदारी वापस ले सकते हैं और किसी भी समय OurShare छोड़ सकते हैं। पे-रोल को बदलावों को प्रॉसेस करने का पर्याप्त समय देने के लिए, आपको EquatePlus पर एक महीने का नोटिस देना होगा। दोबारा शामिल होने के लिए आपको अगली नामांकन अवधि तक इंतजार करना होगा।

यदि आप OurShare छोड़ते हैं तब भी आप अपने खरीदे गए शेयर रखेंगे, और सामान्य प्रतिबंधों के अधीन, संबंधित मैचिंग शेयर प्राप्त करने के पात्र होंगे।

### 8.1.2 क्या मैं अंशदान रोक सकता/सकती हूं?

आप अपना अंशदान कम कर सकते हैं या OurShare छोड़ सकते हैं लेकिन अंशदान रोक नहीं सकते। एकमात्र अपवाद वह स्थिति है जब आपको हमारे द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा हो (अवैतनिक अवकाश पर प्रश्न देखें)।

### 8.1.3 क्या शेयर खरीदने से पहले मुझे अपना अंशदान वापस मिल सकता है?

नहीं, हम अंशदान वापस नहीं कर सकते।

## 8.2 Kerry को छोड़ना

### 8.2.1 अगर मैं Kerry को छोड़ दूं तो क्या होगा?

यदि आप Kerry को छोड़ते हैं तो आप OurShare में भाग लेने के पात्र नहीं रहेंगे, इसलिए आपका अंशदान बंद हो जाएगा। आप कोई भी खरीदे गए शेयर और लाभांश शेयर, साथ ही अनलॉक किए गए मैचिंग शेयर भी रख सकते हैं। हालाँकि, आप कोई भी लॉक किए गए मैचिंग शेयर गवाँ देंगे (जब तक कि विशिष्ट परिस्थितियां लागू न हों)।

Kerry छोड़ने के बाद आप अपने शेयर अपने EquatePlus खाते में रख सकते हैं, और जब चाहें उन्हें बेच या स्थानांतरित कर सकते हैं। आपके EquatePlus खाते से अपने शेयर हटाने की कोई समय सीमा नहीं है, हालांकि हम भविष्य में कोई समय-सीमा पेश कर सकते हैं।

### 8.2.2 मेरा अंतिम अंशदान कैसे काम करता है?

आपका अंतिम अंशदान आपके अंतिम वेतन से आएगा। इस पर निर्भर करते हुए कि आप Kerry को क्यों छोड़ते हैं, आपको उस स्थिति में भी मैचिंग शेयर मिल सकते हैं।

### 8.2.3 अगर मैंने छोड़ दिया तो मैं यह कैसे सुनिश्चित करूं कि मुझे अपडेट रखा जाए?

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको आवश्यक सभी अपडेट प्राप्त हों, आपको EquatePlus पर अपना संपर्क विवरण अद्यतन रखना होगा – यदि हमें आपसे संपर्क करने की आवश्यकता हुई तो हम पहले ईमेल के माध्यम से ऐसा करेंगे।

# 8. छोड़ना

**8.2.4 अगर मैं Kerry छोड़ दूं तो क्या मुझे मेरे मैचिंग शेयर मिल सकते हैं?**

यह इस पर निर्भर करता है कि आप Kerry को कब छोड़ते हैं। अनलॉक किए गए हर मैचिंग शेयर आपके पास रहेंगे। हालांकि, आप कोई भी मैचिंग शेयर नहीं ले सकते जो उस समय भी लॉक किए हुए हैं।  कुछ अपवाद हैं जहां Kerry अब भी आपको अपने लॉक किए गए मैचिंग शेयर देगी। ये हैं:

- सेवानिवृत्ति
- अतिरेक
- सेवा के दौरान मृत्यु
- विकलांगता, बीमारी या गंभीर चोट
- निश्चित अवधि के अनुबंध को समाप्त करना, यदि यह मूल अनुबंध में है
- व्यवसाय - या उसके हिस्से - का नियंत्रण बदल रहा है (उदाहरण के लिए किसी अन्य कंपनी को बेचा जा रहा है)।

आपको अपने मैचिंग शेयर उसी समय प्राप्त होंगे जब आप सामान्य रूप से प्राप्त करते हैं – आम तौर पर आपका अंशदान शुरू होने के दो साल बाद।

**8.2.5 अगर मैं Kerry छोड़ दूं तो क्या मुझे तब भी लाभांश मिलेगा?**

जी हां। यदि आपके पास उस समय भी कुछ शेयर हैं, तो आप Kerry के शेयरधारक हैं और Kerry द्वारा भुगतान किए जाने पर आप लाभांश प्राप्त करने के हकदार होंगे।

**8.2.6 यदि मैं Kerry को छोड़ दूं और फिर वापस आ जाऊं तो क्या होगा?**

यदि आप Kerry छोड़ते हैं और फिर वापस आते हैं, तो आप अगली ज्वाइनिंग अवधि के दौरान फिर से OurShare में शामिल हो सकेंगे, बशर्ते कि आप पात्र हों। हालांकि, आपको प्रभावी रूप से OurShare में नया जॉइनर यानी शामिल होने वाला माना जाएगा। आप किसी भी पिछले OurShare चक्र में वापस नहीं आ पाएंगे जिसका आप हिस्सा रहे होंगे।

# 9. कर (टैक्स)

### 9.1 क्या OurShare से जुड़ने पर कोई कर से जुड़े लाभ मिलेंगे?

OurShare से संबंधित कोई कर संबंधी लाभ नहीं है। आपका अंशदान आपके शुद्ध वेतन (कर कटौती के बाद) से लिया जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम चाहते हैं कि OurShare विश्व स्तर पर सुसंगत हो, और दुनिया भर के सहयोगियों के लिए समान शर्तों पर उपलब्ध हो – हमें एक साथ लाए और इसे यथासंभव निष्पक्ष बनाए रखे।

### 9.2 शेयरों पर कर कैसे लगता है?

यह अलग-अलग देशों में अलग-अलग होता है। OurShare जीवन-चक्र के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर शेयरों पर कर लगाने के लिए प्रत्येक देश के अपने नियम हैं।

आपके नियोक्ता के रूप में Kerry को धारित शेयरों के बारे में कर प्राधिकरण को रिपोर्ट करनी पड़ सकती है। शेयरों पर देय किसी कर और/या सामाजिक सुरक्षा का भुगतान करने के लिए हमें आपके कुछ शेयर बेचने की भी आवश्यकता हो सकती है।

आपको अपने कर रिटर्न में अपने शेयरों को कर योग्य आय के रूप में रिपोर्ट करने या अपने कर प्राधिकरण को अपने शेयरों के बारे में बताने की भी आवश्यकता हो सकती है।

देय कर की राशि, साथ ही यह कैसे और कब देय है, यह अलग-अलग देशों में अलग-अलग होता है। अपने देश में नियमों के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए, हमारे 'देश कर्मचारी कर नोट्स' देखें, जोOurShare Hubपर उपलब्ध है। ये आपको अपने देश की कर संबंधी आवश्यकताओं और आपके व्यक्तिगत कर दायित्वों को समझने में मदद करेंगे। कृपया ध्यान दें: आपके देश के कर क़ानूनों में भावी बदलाव हो सकते हैं, जो आपके शेयरों के संबंध में आपको प्रभावित कर सकते हैं।

### 9.3 OurShare के प्रत्येक तीन भागों पर कौन से कर देय हैं?

खरीदे गए शेयर
खरीदे गए शेयरों (Purchased Shares) को खरीदने के लिए अंशदान शुद्ध वेतन (कर कटौती के बाद) से किया जाता है। इसलिए आप अपनी अंशदान की गई राशि पर कर का भुगतान करते हैं, तो जब तक आप उन्हें बेचते नहीं हैं तब तक आपको उन पर कोई कर नहीं देना होगा। यदि आप अपने शेयर बेचते समय लाभ कमाते हैं, तो कुछ देशों में किसी भी लाभ पर कर देना पड़ता है।

मैचिंग शेयर
अधिकांश देशों में, आपको दो साल की अवधि में करों का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी, जबकि मैचिंग शेयर लॉक होते हैं और बेचने के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

जब दो वर्ष के बाद मैचिंग शेयर आपके हो जाएंगे, तो वे अधिकांश देशों में कर योग्य होंगे। जब आप अपने मैचिंग शेयर प्राप्त करेंगे तो आपको उनके कर-योग्य मूल्य पर कर का भुगतान करना होगा। यह आपकी व्यक्तिगत कर परिस्थितियों और उस देश पर निर्भर करेगा जहाँ आप पर कर लगाया जाता है।

अधिकांश देशों में, कर्मचारी-कर और/या सामाजिक सुरक्षा का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए Kerry जिम्मेदार है। हम ऐसा तब करेंगे जब आपको अपने मैचिंग शेयर प्राप्त होंगे। यह आम तौर पर इस तरह से काम करता है कि हम किसी भी देय कर का भुगतान करने के लिए पर्याप्त मैचिंग बेचते हैं। आपको मिलने वाले मैचिंग शेयरों की संख्या आपके मैचिंग शेयरों में से उस शेयर को घटाकर होगी जो कर का भुगतान करने के लिए बेचा गया था।

# 9. कर (टैक्स)

**लाभांश शेयर**
अधिकांश देशों में, लाभांश को आय माना जाता है, इसलिए आपको मिलने वाला कोई भी लाभांश या लाभांश-शेयर कर के अधीन हो सकता है। यह कितना होगा, आपके देश और आपकी व्यक्तिगत कर की स्थितियों पर निर्भर करेगा।

केरी एक आयरिश निगमित कंपनी है, और आयरिश कर कानून के तहत कंपनी के लिए यह अनिवार्य है कि वह आपके लाभांश पर 25% का लाभांश रोक कर (DWT) काट ले, इससे पहले कि लाभांश को आपके लिए अतिरिक्त शेयरों में पुनर्निवेशित किया जाए। आपकी व्यक्तिगत परिस्थितियों के आधार पर, आप आयरिश राजस्व से कर वापसी के लिए पात्र हो सकते हैं।

यदि कोई अनिश्चितता है, तो आपको OurShare में शामिल होने से संबंधित कर के आर्थिक पहलुओं के बारे में किसी पेशेवर वित्तीय और/या कर सलाहकार से बात करनी चाहिए। वे देश के कर क़ानूनों के भावी बदलावों की संभावना पर चर्चा कर सकते हैं जो लागू कर संबंधी व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। .

**9.4 क्या मेरे लिए कर अधिकारियों को रिपोर्टिंग की कोई आवश्यकता है?**

शेयरों की रिपोर्टिंग पर कई देशों के अपने स्थानीय नियम हैं, विशेष रूप से किसी विदेशी कंपनी के शेयर और/या देश के बाहर धारित शेयर।

हर देश के नियमों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, हमारे ‘Country Employee Tax Notes’ देखें, जो OurShare Hub kerryourshare.com पर उपलब्ध है। कृपया सावधान रहें, भविष्य में देश के क़ानूनों में बदलाव हो सकते हैं, जो आपकी रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को प्रभावित कर सकते हैं या बदल सकते हैं। यदि कोई संदेह है, तो आपको व्यक्तिगत वित्तीय और/या कर सलाहकार से पड़ताल करनी चाहिए।

# 10. देश-विदेश में स्थानांतरित सहकर्मी (ग्लोबल मोबिलिटी)

### 10.1 यदि मैं असाइनमेंट पर हूं तो क्या मैं योजना में भाग लेने के लिए पात्र हूं?

OurShare में भाग लेने के लिए आपकी पात्रता कई बातों पर निर्भर करेगी, मुख्य रूप से आप कहां पदस्थ हैं और कहां से काम कर रहे हैं। जब तक आप नामांकन विंडो की शुरुआत में पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, आपको भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। एक मोबाइल कर्मचारी के रूप में, आपको किसी भाग लेने वाले देश में नियोजित होना चाहिए, भुगतान लेते होना चाहिए और काम करना चाहिए।

### 10.2 मैं भाग लेने वाले देश में वेतनभोगी कर्मचारी हूं, लेकिन एक गैर-भागीदार देश में काम करता हूं; क्या मैं कर्मचारी शेयर योजना में भाग ले सकता हूं?

यदि आप किसी गैर-भागीदार देश में काम करते हैं, तो आप इस समय शामिल नहीं हो पाएंगे। आपको बाद की तारीख में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा जब OurShare को आपके कार्य स्थान पर कार्यान्वित किया जाएगा (बशर्ते आप अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों)। कार्यान्वित उदाहरण देखने के लिए कृपया नीचे दी गई तालिका देखें

| कर्मचारी | कर्मचारी का देश | पेरोल देश | कार्य स्थान का देश | पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| **सहकर्मी अ** | इंडोनेशिया | इंडोनेशिया | इंडोनेशिया | पात्र - घरेलू कर्मचारी |
| **सहकर्मी ब** | इंडोनेशिया | इंडोनेशिया | यूनाइटेड किंगडम | योग्य - दोनों देशों के OurShare में भाग लेने के साथ वैश्विक रूप से मोबाइल* |
| **सहकर्मी स** | इंडोनेशिया | इंडोनेशिया | वियतनाम | अयोग्य - कार्य स्थान देश एक भाग लेने वाला देश नहीं है।* आपको अगले चरण तक इंतजार करना होगा। |

***नोट्स: भाग लेने वाले देश हैं**

**APMEA:** ऑस्ट्रेलिया, कैमरून, चीन, हांगकांग (चीन), भारत, इंडोनेशिया, जापान, केन्या मलेशिया, न्यूजीलैंड, नाइजीरिया, ओमान, कोरिया गणराज्य, रवांडा, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, तंजानिया, थाईलैंड, तुर्की, युगांडा और संयुक्त अरब अमीरात।

**यूरोप:** ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चेक गणराज्य, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आयरलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड्स, पोलैंड, रोमानिया स्पेन, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम।

**LATAM और उत्तरी अमेरिका:** अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा, चिली, कोलंबिया, कोस्टा रिका, एल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला मेक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका

### 10.3 यदि मैं सितंबर में OurShare से जुड़ता हूं और योजना के जीवनचक्र के दौरान किसी दूसरे देश में स्थानांतरित हो जाता हूं तो क्या होगा?

यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप किस देश से आए हैं और किस देश में स्थानांतरित हुए हैं। सारांश में:

1. यदि आप किसी गैर-भागीदार देश में चले जाते हैं, तो आपके लिए भागीदारी जारी रखना संभव नहीं होगा। इस परिदृश्य में निम्नलिखित उपाय लागू होगा:
   - पेरोल कटौतियों के माध्यम से भविष्य के सभी अंशदान बंद हो जायेंगे
   - आप अपने अंशदान से अपनी ओर से पहले से खरीदे गए किसी भी शेयर को अपने पास रखेंगे
   - आप अपने ट्रांसफर प्वाइंट तक कोई भी संबद्ध मैचिंग शेयर प्राप्त करने के पात्र बने रहेंगे। ये मैचिंग शेयर दो साल की होल्डिंग अवधि के बाद सामान्य रूप से निहित (vest) हो जाएंगे (सामान्य निहित (vesting) शर्तों के अधीन)
2. यदि आप चरण 1 में भाग लेने वाले किसी अन्य देश में चले जाते हैं और आपके वेतन भुगतान की मुद्रा भी बदलती है, तो आपके लिए भागीदारी जारी रखना संभव नहीं होगा। ऊपर बिंदु 1 में बताए गए अनुसार ही उपाय लागू होगा
3. यदि आप किसी अन्य भाग लेने वाले देश में जाते हैं और आपकी मुद्रा नहीं बदलती (उदाहरण के लिए आयरलैंड से स्पेन या इसके विपरीत) योजना में आपकी भागीदारी सामान्य रूप से जारी रहेगी।

### 10.4 मेरा वर्तमान गृह देश योजना संचालित नहीं करता है। यदि मैं भाग लेने वाले देश में चला जाता हूं तो क्या मैं योजना में शामिल हो सकता हूं?

यदि आप पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं तो आपको वार्षिक नामांकन विंडो (आमतौर पर सितंबर में) के दौरान OurShare में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# 11. पारिभाषिक शब्दावली

हम चाहते हैं कि हमारे सभी OurShare संप्रेषण स्पष्ट और सरल हों, ताकि आप उन्हें समझ सकें। हालांकि, इन शब्दों का उपयोग किए जाने की संभावना है:

**सर्व-कर्मचारी शेयर योजना** ऐसा लाभ जो प्रत्येक कर्मचारी को उस कंपनी में शामिल होने और उसके शेयर रखने का अवसर प्रदान करता है जिसके लिए वे काम करते हैं। यह व्यापक पुरस्कार पैकेज का हिस्सा है। हमने Kerry की सर्व-कर्मचारी शेयर योजना को OurShare कहा है।

**वार्षिक आम बैठकें (AGMs)** शेयरधारकों की बैठक जहां निदेशक मंडल द्वारा शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए आइटम प्रस्तावित किया जाता है। यदि शेयरधारक प्रस्ताव को शेयरधारकों या कंपनी के सर्वोत्तम हित में नहीं मानते हैं, तो वे इन्हें अनुमोदित करने के लिए मतदान कर सकते हैं या उनके विरुद्ध मतदान कर सकते हैं।

**Computershare** यह OurShare की व्यवस्था को संचालित करने वाला तृतीय पक्ष है। हम आपका अंशदान Computershare को देते हैं – Computershare शेयर खरीदती है और उन्हें आपके व्यक्तिगत EquatePlus खाते में डालती है।

**अंशदान** वह राशि जो आप अपने शुद्ध वेतन (कर कटौती के बाद) से हर महीने OurShare में निवेश करने के लिए चुनते हैं।

**लाभांश** किसी कंपनी में उनके निवेश के लिए शेयरधारकों को भुगतान की गई राशि। आम तौर पर कंपनी के मुनाफ़े से साल में दो बार भुगतान किया जाता है लेकिन यह भुगतान Kerry के निदेशक मंडल के विवेकानुसार किया जाता है।

**EquatePlus** यह वह प्रशासनिक प्लेटफ़ॉर्म है जिसका उपयोग हम OurShare को प्रबंधित करने के लिए करते हैं। इसकी आपूर्ति हमारे प्रदाता, Computershare द्वारा की जाती है।

**विनिमय दर** जब आप एक मुद्रा से दूसरी मुद्रा में अदला-बदली करते हैं तो यह दर निर्धारित करती है कि आपको कितनी धनराशि मिलेगी – इसमें उतार-चढ़ाव हो सकता है।

**आंशिक शेयर** आंशिक (फ़्रैक्शनल) शेयर किसी कंपनी के आंशिक शेयर होते हैं। वे आपको पूरा शेयर खरीदे बिना किसी कंपनी में निवेश करने की अनुमति देते हैं – विशेष रूप से तब सहायक होते हैं जब शेयर की कीमत अधिक हो। किसी केक की पूरे शेयर के रूप में कल्पना करें, आंशिक (फ़्रैक्शनल) शेयर को उसका एक टुकड़ा मानें।

**होल्डिंग अवधि** दो साल की अवधि जब मैचिंग शेयर लॉक हो जाते हैं। पूरा हो जाने पर, ये शेयर बनाए रखने, बेचने या स्थानांतरित करने के लिए उपलब्ध हो जाते हैं।

**लॉक किए गए शेयर।** लॉक किए गए शेयर वे Matching Shares हैं जो आपके पास हैं, लेकिन एक निर्धारित अवधि के लिए बेच या स्थानांतरित नहीं कर सकते। आपके Matching Shares दो साल की योजना चक्र की अवधि के लिए लॉक रहते हैं।

**अनलॉक किए गए शेयर।** अनलॉक किए गए शेयर वे Matching Shares हैं जो आपके पास रखने या बेचने के लिए हैं जैसा आप चुनते हैं। आपके Matching Shares दो साल की होल्डिंग अवधि के बाद अनलॉक हो जाते हैं।

**मैचिंग शेयर** ये वे अतिरिक्त शेयर हैं जो आपको Kerry से मिलते हैं: आपके द्वारा खरीदे गए प्रत्येक तीन शेयरों के लिए आपको Kerry से एक शेयर मिलता है। आप इन शेयरों तक तुरंत नहीं पहुँच सकते – 'मैचिंग शेयर' खंड में जानें कि इन्हें कैसे अनलॉक किया जाए।

**OurShare** हमारी वैश्विक सर्व-कर्मचारी शेयर योजना। हम साथ में विकास चाहते हैं, इसलिए हम अपने सभी सहयोगियों को Kerry का हिस्सा बनने का अवसर दे रहे हैं।

**खरीदे गए शेयर** ये वे शेयर हैं जिन्हें आप हर महीने अपने शुद्ध वेतन से (कर कटौती के बाद) अपने अंशदान से खरीदते हैं।

**अनलॉक किए गए शेयर।** अनलॉक किए गए शेयर वे Matching Shares हैं जो आपके पास रखने या बेचने के लिए हैं जैसा आप चुनते हैं। आपके Matching Shares दो साल की होल्डिंग अवधि के बाद अनलॉक हो जाते हैं।

**वेस्ट/वेस्टिंग** आप इन शर्तों को अपने EquatePlus खाते पर या OurShare नियमों में देख सकते हैं। यह उस तारीख को संदर्भित करता है जब आपके मिलान वाले शेयर होल्डिंग अवधि के बाद अनलॉक होते हैं। तो, आपके मैचिंग शेयर निहित तिथि पर निहित (vest) होते हैं।